LATEST

NEWS

# Election

## Date : 5th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर

# जयपुर 05-01-2026

**भास्कर ब्रेकिंग** 15 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी

# SIR का असर नहीं; पंचायत चुनाव जनवरी 2025 की मतदाता सूची से ही कराए जाएंगे

हर्ष खटाना | जयपुर

प्रदेश में एसआईआर के तहत काटे गए 41.85 लाख वोटरों का असर पंचायत चुनाव की मतदाता सूची पर नहीं पड़ेगा। क्योंकि, पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट अलग बनाई जा रही है और इसका आधार 7 जनवरी 2025 की मतदाता सूची है। इस डेटाबेस में प्रदेश के मतदाताओं की संख्या 5.45 करोड़ थी। एसआईआर में 2002 की वोटर लिस्ट के आधार पर मैपिंग में करीब 41.85 लाख नाम काटे जा चुके हैं।

अब प्रदेश में वोटरों की संख्या 5.04 करोड़ हो गई है। ऐसे में काटे गए मतदाताओं को भी पंचायत चुनाव में वोटिंग का मौका मिलेगा। पंचायत चुनावों के तहत वोटर लिस्ट प्रारूप का प्रकाशन 29 जनवरी को होगा और 15 फरवरी को फाइनल वोटरलिस्ट जारी होनी है। गौरतलब है कि प्रदेश में 3443 ग्राम पंचायतें नई बनी हैं। ऐसे में 14600 पंचायतें, 437 पंचायत समितियों और 41 जिला परिषदों में चुनाव होंगे।

**भास्कर इनसाइट**

## तीन प्रकार की वोटर लिस्ट बनाई जाएगी

ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड की मतदाता सूची, पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची और जिला परिषद के प्रत्येक निर्वाचन



क्षेत्र की मतदाता सूची बनेगी। इसका तात्पर्य यह है कि पंचायत समिति, जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र में ग्राम पंचायत के जो वार्ड आते हैं, उन सभी ग्राम पंचायतों के वार्डों की मतदाता सूची को संकलित कर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की सूची तैयार की जाएगी। ऐसे में पंचायत समिति, जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग से सूचियों की तैयारी की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, उक्त मतदाता सूचियों का प्रकाशन अलग-अलग किया जाना है।

## किस कैटेगरी में कितने नाम कटे

एसआईआर में कटौती के बाद प्रदेश में 5.04 करोड़ वोटर बचे हैं। इनमें 11 लाख को दस्तावेज दिखाने हैं। इस दौरान 41.85 लाख नाम कटे हैं।

| दो या अधिक जगह वोटर | मृतकों के नाम हटे | शिफ्ट या अनुपस्थित |
|---|---|---|
| 3.44 लाख : 0.63% | 8.75 लाख : 1.16% | 29.6 लाख : 5.43% |

*▪ नियमानुसार एसआईआर की वोटरलिस्ट की तुलना में हमारी वोटर लिस्ट अलग रहेगी। हमारी भी वोटर लिस्ट का प्रारूप जारी होगा। आपत्तियां ली जाएंगी। हमारा आधार जनवरी 2025 की मतदाता सूची है, ऐसे में उसी को आधार मानकर वोटरलिस्ट तैयार होगी। जनवरी में 18 वर्ष के होने वाले युवाओं को वोट डालने का मौका मिलेगा।*

**-राजेश वर्मा,** सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग

भाजपा कोर कमेटी की बैठक • SIR के साथ ही पंचायत व निकाय चुनावों पर चर्चा

# सरकार और संगठन में तालमेल पर होगा काम, वरिष्ठ नेताओं को मिलेगी नियुक्ति

भास्कर न्यूज | जयपुर

प्रदेश में आगामी पंचायत व नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के लिए सरकार व संगठन में प्रदेश से जिला स्तर तक बेहतर तालमेल होगा। इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जल्दी ही सरकार के बोर्ड व आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियां दी जाएंगी, ताकि बड़े नेताओं के अनुभव का फायदा सरकार को मिले। संगठन के कार्यकर्ताओं की सुनवाई व उनको अहमियत देने के लिए प्लानिंग के साथ काम होगा, ताकि भाजपा सरकार के दौरान उनकी बात सुनी जा सके। भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में इसको लेकर वरिष्ठ नेताओं के बीच गहन मंथन हुआ। बैठक में एसआईआर व पंचायती राज के परिसीमन को लेकर भी चर्चा हुई।

## बूथ लेवल तक काम हो, पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटे

एसआईआर को लेकर पार्टी की ओर से गठित कमेटियों को जिला, मंडल व बूथ लेवल तक काम करने को कहा गया, ताकि मतदाताओं को वोटर लिस्ट से नाम नहीं छूटे। कोर कमेटी की बैठक में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और सभी मंडल अध्यक्षों को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। मतदाता सूची में किसी भी फर्जी नाम को जुड़ने से रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। अभियान को लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया।

**विधायक को लेकर नाराजगी:** खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा से जुड़े विधायक निधि में भ्रष्टाचार मामले पर दैनिक भास्कर खुलासे को लेकर भी चर्चा हुई। किसी विधायक की ओर से विधायक निधि में गड़बड़ी करने के मामले की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। मामले की जांच करवाई जाए।

**अंता उपचुनाव में हार से चिंता :** बैठक में अंता उपचुनाव में पार्टी की हार को लेकर गहरी चिंता जाहिर की गई। बैठक में चर्चा हुई कि इस हार से सबक लेते हुए पार्टी को बूथ व मंडल स्तर पर मजबूती से काम करना चाहिए। हर कार्यकर्ता जोश व मन लगाकर काम करे।